Phone & Fax no.0135-2431159 email: cfbhagi-forest-uk@nic.in

कार्यालय वन संरक्षक, भागीरथी वृत्त, उत्तराखण्ड, मुनिकीरेती।

पत्रांक – 2321 /12–1 मुनिकीरेती, दिनांक 26/5/2023,।

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक,
एवं नोड़ल अधिकारी,
वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय :– **जनपद उत्तरकाशी में विकासखण्ड चिन्यालीसौड़ के अन्तर्गत चिन्यालीसौड़–जोगथ मोटर मार्ग से पुजारगांव भण्डेश्वर मंदिर तक मोटर मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में (ऑनलाईन प्रपोजल संख्या FP/UK/ROAD/40975/2019 ।**

सन्दर्भ :– **आपका पत्रांक–1076/ FP/UK/ROAD/40975/2019, दिनांक–19.10.2022,।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के माध्यम से प्रश्नगत मोटर मार्ग के वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में अधिरोपित कमियों का निराकरण कर प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी के द्वारा अपने पत्रांक–2783/12–1, दिनांक–17.04.2023 से इस कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है जिसका विवरण निम्नलिखित है–

क्र.सं	अपेक्षित सूचना	अनुपालन आख्या
1	उपलब्ध समस्त Road Network को के.एम.एल. पर दर्शित नहीं किया गया है। अतः आपसे अनुरोध है कि उपलब्ध समस्त Road Network के.एम.एल. पर दर्शा कर अपलोड करने का कष्ट करें।	अवगत कराया गया है कि समस्त Road Network को के.एम. एल. पर दर्शा कर ऑनलाईन पार्ट–I में अपलोड कर दिया गया है।
2	प्रस्ताव के अवलोकन के उपरान्त यह प्रतीत होता है कि Alternatives का भी उचित परीक्षण नहीं किया गया है। अतः आपसे अनुरोध है कि Alternatives का भी उचित परीक्षण कर पूर्ण जानकारी प्रेषित करने का कष्ट करें।	अवगत कराया गया है कि उक्त मोटर मार्ग के 02 Alignment का सर्वेक्षण किया गया। जिसमें स्वीकृत Alignment को लाल रंग से दर्शाया गया है। मोटर मार्ग के Alternatives Alignment को नीले रंग से दर्शाया गया है। मोटर मार्ग के Alternatives Alignment में ग्रामवासियों की नाप भूमि पड़ने के कारण एवं उनकी आस्था का केन्द्र श्री भण्डेश्वर मंदिर नहीं जुड़ने के कारण समरेखण विवाद किया गया। इसके साथ ही यह भी अवगत कराया गया है कि स्वीकृत मोटर मार्ग मात्र 2.00 कि0मी0 लम्बाई में स्वीकृत है और Alternatives Alignment की लम्बाई 2.10 कि0मी0 आ रही थी, जिस कारण स्वीकृत Alignment जिसकी लम्बाई 1.825 कि0मी0 है, को 02 एच.पी. बैण्ड पड़ने के बावजूद भी स्वीकृत करना पड़ा क्योंकि उक्त स्वीकृत Alignment श्री भण्डेश्वर मंदिर को जोड़ते हुये गांव को जोड़ता है।

भवदीय

(धर्म सिंह मीणा)
वन संरक्षक

संख्याः– 2321 / 26/5/23 दिनांकित।

प्रतिलिपि प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी को उनके सन्दर्भित पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

(धर्म सिंह मीणा)
वन संरक्षक

o/c